1936
सेवा · सार्थक · सतर्क

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
11 नवंबर 2022, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, तृतीया, विक्रम संवत् 2079, बरेली

PAGE NO : 06 MIDDLE

यूपी की टीम ने बहाया पसीना

बरेली। कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 मैच के लिए उत्तर प्रदेश और नागालैंड के खिलाड़ी बरेली पहुंच चुके हैं। यूपी की टीम ने गुरुवार को एसआरएमएस के मैदान पर प्रैक्टिस की। वहीं नागालैंड की टीम ने सफर में थकावट की वजह से आराम किया। मैच रेफरी, अंपायर, वीडियो एनालिस्ट और स्कोरर की टीम भी बरेली पहुंच चुकी है। 12 नवंबर को सुबह 8.30 बजे मैच का उद्घाटन होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह और मेयर डॉ. उमेश गौतम मैच का उद्घाटन करेंगे।